Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

## ➢ भीलवाडा पुलिस थाना कोतवाली जिला के कानिस्टेबल रज्जाक मोहम्मद को 6,000/– रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार

जयपुर, दिनांक 30 जून, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाडा–प्रथम ने कार्यवाई करते हुए **भीलवाडा पुलिस थाना कोतवाली जिला के कानिस्टेबल रज्जाक मोहम्मद** को **6,000/– रूपये** की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ए.सी.बी. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाडा–प्रथम को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के विरूद्व पुलिस थाना कोतवाली में दर्ज प्रकरण में बार बार थाने बुलाकर परेशान किया जा रहा है एवं पत्रावली में जल्दी कार्यवाही करने की ऐवज में आरोपी द्वारा रिश्वत राशि की मांग की जा रही है।

परिवादी ने ब्यूरो कार्यालय भीलवाडा प्रथम पर दिनांक 29.06.2026 को इस आशय की रिपोर्ट पेश की कि मेरे खिलाफ पुलिस थाना कोतवाली में एफआईआर नं. 458/22 दर्ज है। जिसकी जांच मदनलाल जांगिड एएसआई कर रहे है। फाईल की लिखा पढी कानि. रज्जाक जी कर रहे हैं। रज्जाक जी मेरे पास दिनांक 27.06.2026 को कारोई आये तथा फाईल में जल्दी कार्यवाही करने के नाम पर कोड वर्ड में 20,000/– रूपये की मांग की मेरे द्वारा निवेदन करने पर 15,000/– रूपये लेने पर राजी हुये, और 5,000/– रूपये ले लिये। अब 10,000/– रूपये की और मांग कर रहे है। जिस पर दिनांक 29.06.2026 को एसीबी भीलवाडा प्रथम द्वारा रिश्वत मांग का सत्यापन करवाया गया तो 15,000/– रूपये की मांग किया जाना पाया गया।

जिस पर एसीबी अजमेर रेंज के **उप महानिरीक्षक श्री नारायण टोगस** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाडा–प्रथम के नेतृत्व में आज दिनांक 30.06.2026 को **श्री पारसमल, उप अधीक्षक पुलिस**, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाडा–प्रथम ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए, आरोपी नें अपनी मांग के अनुसरण में आज 6,000/– रूपये की रिश्वत राशि परिवादी से ग्रहण कर अपनी मोटर साईकिल के टंकी के ऊपर लगे कपडे के छोटे बैग में रखवाये, जहां से रिश्वत राशि बरामद की गई।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्जकर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1064** एवं **व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।